3700 करोड़ के घोटाले में राज्यसभा सांसद सतनाम संधू को ईडी ने 25 नवंबर को पेश होने को कहा



चंडीगढ़ (सिटी मीडिया) क्लाउड पार्टिकल के नाम पर निवेशकों से करीब 3700 करोड़ रुपये जुटाने के कथित घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब से राज्यसभा के मनोनीत सांसद और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू को समन जारी किया है। उन्हें 25 नवंबर को जालंधर स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है।

जांच एजेंसी वी-नाउ ग्रुप की कंपनियों से संधू को प्राप्त फंड, वित्तीय लेन-देन की प्रकृति और रकम के इस्तेमाल के उद्देश्य की जानकारी जुटाना चाहती है। हालांकि, संधू इस मामले में आरोपी नहीं हैं और उन्हें किसी मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधि में सीधे भूमिका के आरोप में नहीं बुलाया गया है। सतनाम सिंह संधू राष्ट्रपति की ओर से राज्यसभा के लिए मनोनीत सांसद हैं। वह चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के संस्थापक और चांसलर हैं। पंजाब के फिरोजपुर से संबंध रखने वाले संधू ने शिक्षा क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है।

उनके राज्यसभा मनोनयन और भाजपा से जुड़ाव के कारण ईडी का समन राजनीतिक हलकों में भी चर्चा का विषय बन गया है।

जम्मू में बॉर्डर के पास पकड़ा गया पाकिस्तानी नागरिक अवल्स राजा



अरनिया (सिटी मीडिया) भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सुरक्षाबलों ने एक 20 वर्षीय पाकिस्तानी नागरिक को अरनिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले साई इलाके से हिरासत में लिया गया। पकड़े गए पाकिस्तानी नागरिक की पहचान अवल्स राजा (20), पुत्र इमदाद हुसैन, निवासी बस्ती गोकल, डाकखाना खास, जरनवाली, तहसील करोर लाल ईसान, जिला लय्या (पाकिस्तान) के रूप में हुई है।

पाकिस्तानी नागरिक को हिरासत में लेकर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह किन परिस्थितियों में भारतीय सीमा में दाखिल हुआ और भारत आने के पीछे उसका मकसद क्या था। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच में जुटी हुई हैं। युवक को पुलिस पोस्ट सई कलां से अरनिया पुलिस स्टेशन लाया गया है। यहां पुलिस उससे गहन पूछताछ कर रही है कि वह किस रास्ते से भारतीय सीमा में दाखिल हुआ, तारबंदी कैसे पार की और भारत आने के पीछे उसका वास्तविक मकसद क्या था। जांच एजेंसियां उसके पास मिले सामान और नक्शों की भी पड़ताल कर सकती हैं।

भारत -न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट मैच में तीसरे दिन का खेल खत्म, भारत 486/4, 118 रन की बढ़त

वैलिंगटन (सिटी मीडिया) भारत व न्यूजीलैंड के बीच टैस्ट में के तीसरे दिन भारत ने स्टंप्स तक पहली पारी में 486/4 रन बनाए हैं. न्यूजीलैंड की पहली पारी के आधार पर तीसरे दिन की समाप्ति तक भारत ने 118 रनों की बढ़त बना ली है. विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 62 गेंद में 55 और अंशुल कम्बोज बिना खाता खोले नाबाद हैं. आउट होने बाले बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (85), केएल राहुल (136), देवदत्त पड़िक्कल (80) और कैप्टन शुभमन गिल (98) हैं. विपक्षी टीम की तरफ से मैट हेनरी, काइल जेमीसन, जैकब डफी और नेथन स्मिथ ने क्रमशः एक-एक सफलता प्राप्त की मुकाबले के दौरान आज कैप्टन शुभमन गिल के पास अपने टेस्ट करियर का 12वां शतक पूरा करने का सुनहरा मौका था. . मैच के दौरान चौथे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने कुल 146 गेंदों का सामना किया. इस बीच 67.12 की स्ट्राइक रेट के साथ 98 रन बनाने में कामयाब रहे. इस दौरान उनके बल्ले से क्रिकेट प्रेमियों को नौ चौके और दो छक्के देखने को मिले. गिल को पवेलियन का रास्ता जैकब डफी ने दिखाया. उन्होंने गिल को बोल्ड किया. यशस्वी जायसवाल और देवदत्त पड़िक्कल के पास भी पहली पारी में शतक पूरा करने का सुनहरा मौका था

हरियाणा में CGST सुपरिटेंडेंट लवकुश के घर से 1.86 करोड़ की नकदी, विदेशी मुद्रा, सोना और चांदी बरामद



पंचकूला:(सिटी मीडिया) हरियाणा के पंचकूला से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां तैनात सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (CGST) के एक अधीक्षक (सुपरिटेंडेंट) लवकुश कुमार के आवास पर CBI ने जब तलाशी अभियान चलाया तो लगभग 1.86 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी, विदेशी मुद्रा, सोना और चांदी बरामद हुई है। आरोपी अधिकारी को 19 नवंबर 2026 को रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। हरियाणा के पंचकूला में 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़े गए CGST (केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर) के सुपरिटेंडेंट के घर से CBI ने करीब 1.86 करोड़ रुपये की नकदी और कीमती सामान बरामद किया है। इसमें भारतीय और विदेशी करेंसी के अलावा सोने के गहने, सोने की ईंटें और चांदी शामिल हैं। आरोपी को CBI ने 19 नवंबर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। आरोपी CGST सुपरिटेंडेंट पर एक निजी कंपनी के GST मामले में अनुचित फायदा पहुंचाने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायत मिलने के बाद CBI ने 19 नवंबर को पंचकूला में जाल बिछाया और आरोपी को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया।

दिल्ली से कश्मीर तक फैले नशीली दवाओं के 4 तस्कर एनसीबी ने पकड़े

दिल्ली (सिटी मीडिया) दिल्ली से कश्मीर तक फैले नशीली दवाओं के अंतरराज्यीय नेटवर्क का NCB ने भंडाफोड़ कर जम्मू-कश्मीर जा रही यात्री बस से करीब 7 किलोग्राम कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद हुआ है। NCB की जम्मू और दिल्ली जोनल यूनिट की संयुक्त कार्रवाई में इस काले कारोबार की कमर तोड़ते हुए न केवल चार प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, बल्कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके में संचालित एक गुप्त गोदाम का भी भंडाफोड़ किया गया है। इस गोदाम से पांच लाख से अधिक प्रतिबंधित व नशीली गोलियां, कैप्सूल और कोडीन युक्त कफ सिरप की बोतलें बरामद की गई हैं। NCB की जम्मू जोनल यूनिट को विश्वसनीय गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि दिल्ली से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित फार्मास्यूटिकल दवाओं की खेप यात्री बसों के माध्यम से कश्मीर घाटी भेजी जा रही है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एनसीबी जम्मू की टीम ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के चिनैनी इलाके में स्थित माडा टोल प्लाजा के पास नाकाबंदी की।

सीबीएसई ने 10वीं-12वीं बोर्ड कॉपी चेकिंग तरीके में किया बदलाव

अंबाला (सिटी मीडिया) सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2027 की त्कॉपियां चेक करने के तरीके में बदलाव किया है। सीबीएसई के मुताबिक अब बोर्ड परीक्षाओं में सिर्फ किताबी ज्ञान को रटकर आंसर लिखने से अच्छे नंबर नहीं मिलेंगे, बल्कि स्टूडेंट्स की तार्किक सोच और प्रैक्टिकल नॉलेज को अधिक महत्व दिया जाएगा। बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर में साफ बताया गया है कि बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियां चेक करने में वैचारिक समझ , तार्किक सोच और ज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर अधिक जोर दिया जाएगा।

इस प्रस्तावित व्यवस्था के तहत, बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों को केवल रटे-रटाए उत्तरों पर निर्भर रहने के बजाय, विषयों की स्पष्ट समझ दिखानी होगी। बोर्ड कॉपियां चेक करने के लिए इस नए मैथड को पहले के मुकाबले अधिक सार्थक बनाने और छात्रों की वास्तविक सीखने की क्षमताओं को दर्शाने की योजना बताया है। सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर सुमंत कुमार ने बताया कि इस असेसमेंट स्ट्रक्चर

उम्रकैद की सजा काट रहे 26 दोषियों को रिहा करेगी झारखंड सरकार

रांची:(सिटी मीडिया) झारखंड सरकार ने राज्य की विभिन्न जेलों में उम्रकैद की सजा काट रहे 26 कैदियों को रिहा करने का फैसला किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह निर्णय कैदियों के आचरण और जेल में बिताई गई अवधि की समीक्षा के बाद लिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण बोर्ड की बैठक में यह फैसला लिया गया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बैठक में राज्य की विभिन्न जेलों में उम्रकैद की सजा काट रहे कुल 73 कैदियों की समय से पहले रिहाई के प्रस्ताव पर विचार किया गया। विस्तृत चर्चा के बाद मुख्यमंत्री ने 26 कैदियों को रिहा करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। बयान में बताया गया कि कैदियों की रिहाई से जुड़े सभी पहलुओं की गहन समीक्षा के बाद यह फैसला लिया

सऊदी अरब पर हूती विद्रोहियो ने बैलिस्टिक मिसाइलें से किया हमला

रियाद(सिटी मीडिया) यमन के हूती लड़ाकू समूह और सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन के बीच संघर्ष तेज हो गया है। आज सऊदी राजधानी रियाद पर हवाई हमले का खतरा पैदा हुआ। सऊदी गठबंधन ने दावा किया कि रियाद की ओर दागी गई 3 बैलिस्टिक मिसाइलों को हवा में ही रोककर नष्ट कर दिया गया। वहीं, हूती समूह ने सऊदी अरब के कई इलाकों में जवाबी हमले करने का दावा किया है। इससे सऊदी अरब और यमन के बीच तनाव और बढ़ गया है हमले से पहले सऊदी अधिकारियों ने रियाद के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी थी। शहर में हवाई हमले के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया गया। इसके कुछ ही देर बाद 2 धमाकों की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद अलर्ट वापस ले लिया गया।

आवश्यकता है
हीटर बनाने के लिए कारगीर व हेल्पर की
Cont- 93505-78822
19.20.21

जिला अम्बाला में सबसे ज्यादा बिकने वाले सिटी मीडिया में 12 सीसी विज्ञापन पेज 4 पर
750 रु में 1 दिन व 1500 में 3 दिन
लगवाकर लाखों पाठकों तक अपना संदेश पहुंचाएं। रेट कम कराने वालों के विज्ञापन प्रकाशित नहीं होंगे।
सम्पर्क करें- 94165-33033, 0171-2533033

VACANCY AT
PC SHARMA EYE HOSPITAL, A/CITY
OPD+OT Assistant
Minimum Qualification
10th pass.
Cont: 94991-71951
14/11-14/12

DURGA SALEEVERYDAY PVT. LTD.
SALEEVERYDAY
DURGA SALEEVERYDAY PVT LTD
WOLSALE & RETAIL
FRESH & RETURN INVENTORY
amazon | Flipkart | meesho
DISCOUNT EVERY DAY EVERY TIME 30% to 70%
हमसे सस्ता कहीं नहीं
SHAKTI NAGAR, OPP SABJI MANI NEAR VITA MILK BOTH, MANAV CHOWK AMBALA CITY HARYANA
7404474044
14/11-14/12

REQUIRED
KINDERGARTEN TEACHER
Salary: 17,000-20,000 per month
Ambala City, Share CV On
Contact- 99969-59691
16-23

REQUIRED
TEACHERS FOR
PLAY SCHOOL + KINDERGARDEN
GREEN VATIKA PLAY SCHOOL
DURGA NAGAR A/CITY
CONTACT -94162-25129
18-21

MOHAN BAKERY
REQUIRED
▸ Cashier (M/F)
▸ Salesman (M/F)
▸ Sweeper
70823-14343
21-26

VACANCY
Picker & Packer Staff
for Zepto & Blinkit Store
Shift: 2pm - 11pm & 11pm - 8am
Location: Ambala City
Salary: 15,000/-
Contact- 75778-93058
20.23.24

अंतिम अरदास



आपको अत्यंत दुःखद हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माता जी गुरदेव कौर महल 17 नवंबर दिन मंगलवार अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु चरणों में जा विराजी हैं। उनकी आतमिक शांति के लिए अंतिम अरदास 27 नवंबर, दिन शुक्रवार को दोपहर 1 से 2 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु हरकिशन साहिब, सेक्टर-10, अंबाला शहर में संपन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

जसकरण सिंह महल (पुत्र) 7082067517
करणवीर महल (पोता)
बलविंदर महल (बहू)
जसनील महल (पोता)

30 नवंबर से खुलेगा समभाव-समदृष्टि का निःशुल्क विद्यालय



अंबाला (सिटी मीडिया) अंबाला शहर में 30 नवंबर 2026 से समभाव-समदृष्टि का निःशुल्क विद्यालय शुरू होने जा रहा है। इसका उद्देश्य मानव को सदाचार, सद्व्यवहार और मानव धर्म की राह दिखाना है।

सतयुग दर्शन ट्रस्ट के प्रवक्ता ने बताया कि वर्तमान समय में मनुष्य द्वेष, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे नकारात्मक भावों से घिरा हुआ है। ऐसे में समभाव-समदृष्टि की युक्ति अपनाकर जीवन में शांति, प्रेम, मैत्री और सज्जनता का भाव विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समभावी व्यक्ति किसी के प्रभाव या प्रलोभन में आकर अपने सद्गुणों का त्याग नहीं करता, बल्कि सत्य और धर्म के मार्ग पर अडिग रहता है।

इस युक्ति के अभ्यास से आत्मज्ञान, आत्मबल और आंतरिक शांति की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के माध्यम से लोगों को अच्छे विचार, सदाचार और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा दी जाएगी। इसका उद्देश्य मनुष्य को मानसिक बेचैनी, अशांति और नकारात्मक विचारों से मुक्त होकर आनंदमय जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है।

इस अवसर पर अतुल मलिक, विकास साहनी, हितेश कोहली, सविता गुंबर और रितू मलिक मौजूद थे।

बुजुर्गों को सरकार कराएगी काशी विश्वनाथ के दर्शन, दिसंबर-जनवरी में चलेगी विशेष ट्रेन

चंडीगढ़ (सिटी मीडिया) हरियाणा के बुजुर्ग श्रद्धालुओं को अब काशी विश्वनाथ के दर्शन करने का मौका मिलेगा। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुजुर्गों को निशुल्क वाराणसी की यात्रा करवाएगी। इसके लिए दिसंबर या जनवरी में विशेष ट्रेन चलाने की तैयारी है।

यात्रा पर जाने के इच्छुक पात्र बुजुर्गों के लिए जल्द ही ऑनलाइन आवेदन पोर्टल खोला जाएगा।

सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के निदेशक डॉ. आदित्य दहिया ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में आईआरसीटीसी के अधिकारियों के साथ बैठक कर यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जल्द ही विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को वाराणसी के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे। इस योजना का लाभ 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के बुजुर्ग श्रद्धालु ले सकेंगे। हालांकि इसके लिए परिवार की सालाना आय 1 लाख 80 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

पुलिस ऑडिटोरियम में आज सजेगी संगीत की महफिल, बॉलीवुड गायक विपिन सचदेवा देंगे प्रस्तुति

अंबाला (सिटी मीडिया) संगीत प्रेमियों के लिए अंबाला में एक यादगार संगीतमय शाम का आयोजन आज सांय होने जा रहा है। Creator Studiozz Cinevers द्वारा Nexx Genn Financial Services **के सहयोग से हरियाणा पुलिस की मुहिम "एक युद्ध नशे के विरुद्ध" के तहत सुरों का कारवां ए ग्रैंड म्यूजिकल ईवनिंग का आयोजन आज सांय 3 बजे से पुलिस डी.ए.वी. ऑडिटोरियम, अंबाला में किया जा रहा है।**

इस विशेष संगीतमय संध्या का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर विपिन सचदेवा होंगे जो पहली बार इस आयोजन के माध्यम से अंबाला के संगीत प्रेमियों के बीच अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरेंगे। उनके साथ प्रसिद्ध एवं लोकप्रिय गायक राजेश भगत भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। इसके अतिरिक्त राधिका ग्रोवर, शर्मिला सिंह सहित अनेक प्रतिभाशाली गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरजीत बुधिराजा एवं चरण ठाकुर उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता राधिका चीमा करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में पंकज नैन, आईपीएस, इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, अंबाला रेंज, अजीत सिंह शेखावत, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, अंबाला तथा जगदीप ढांडा, एडिशनल डायरेक्टर, फूड एंड सिविल सप्लाईज, हरियाणा सहित अनेक गणमान्य हस्तियां शामिल होंगी। इसके अलावा समाजसेवी इंजिनियर बलबीर सिंह,अनुभव अग्रवाल, आश्विन ग्रोवर, संजय कपूर, मीरा कपूर, चंदन नारायण, अनुज अग्रवाल, हरिंदर गुलाटी, अजय सिंह राठौर, सुनील खुराना, चांदनी पुरी, अंशुल बंसल, वीरेंद्र शर्मा, विश्वजीत अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, रोहताश शर्मा एवं अमित गुप्ता सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में कोर टीम के सदस्य राकेश मक्कड़, विनोद जांगड़ा, रविंद्र रवि, अजय हरनाल, अरुण थापर, जसविंदर बावा, मैजिशियन एस.के. शर्मा एवं डॉ. विनोद सोढ़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम सांय 3 बजे शुरू होगा व इसमें प्रवेश निशुल्क रखा गया है। आयोजकों ने अंबाला एवं आसपास के क्षेत्रों के सभी संगीत प्रेमियों से इस भव्य संगीतमय संध्या में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

इस आयोजन के संस्थापक एवं निदेशक अंजय कुमार ने बताया कि "एक युद्ध नशे के विरुद्ध" मुहिम के तहत हो रहे इस कार्यक्रम सुरों का कारवां का उद्देश्य संगीत के माध्यम से लोगों को जोड़ना, पुरानी यादगार धुनों को पुनर्जीवित करना, संगीत के जरिए युवाओं को नशे से दूर रखने तथा कलाकारों को एक शानदार मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड के सदाबहार गीतों और संगीत की मधुर प्रस्तुतियों से सजी यह शाम दर्शकों के लिए यादगार अनुभव साबित होगी। कार्यक्रम की सह-संस्थापक एवं मुख्य संरक्षक गार्गी कौशल ने बताया कि आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए पूरी टीम उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटी हुई है।

CCTV CAMERAS लगवाएं
अपने घर, दुकान, ऑफिस व फैक्ट्री को बनाएं और भी सुरक्षित
CP PLUS enhancing vision | HIKVISION | PRAMA
HD Quality | Mobile Viewing | Night Vision | Professional Installation | Reliable Service
Plot 20, Adjoining Bata Showroom, Prem Nagar, A/City.
Mob. 9518466648
16/10-16/11

सहायक निदेशक व वरिष्ठ वैज्ञानिक पदों का परिणाम जारी
चंडीगढ़(सिटी मीडिया)हरियाणा लोक सेवा आयोग ने एफएसएल मधुबन (करनाल) में सहायक निदेशक और वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के पदों के लिए आयोजित विषय ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग ने योग्य उम्मीदवारों के रोल नंबर जारी किए हैं। ये उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए अनंतिम रूप से पात्र हैं। परिणाम के अनुसार सहायक निदेशक (डीएनए) पद व सहायक निदेशक (लाई-डिटेक्शन) पद के लिए दो-दो उम्मीदवार योग्य पाए गए हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (सीन ऑफ क्राइम) के लिए नौ उम्मीदवारों को सफल घोषित किया गया है।

शरीर नू चंगा रखों
दिमाग नू ठंडा रखों
जेब नू गरम रखों
आखां विच शर्म रखों
जुबान नू नर्म रखों
दिल विच रहम रखों
क्रोध ते लगाम रखों
विवहार नू साफ रखों
बुला ते मुस्कुराहट रखों
फिर स्वर्ग विच जान दी कोई लोड नही ऐथे ही स्वर्ग है
सेहत मंद रहो खुश रहो

TULSI PUBLIC SCHOOL
(Affiliated to CBSE)
Hissar Road, Ambala City: 8199987200-201-202
REQUIRES THE FOLLOWING STAFF FROM AMBALA CITY
1)PRT English (Graduation/ Post Graduation & B.Ed./J.B.T./D.El.Ed)
2)TGT SOCIAL STUDIES (Graduation / Post Graduation in Pol. Science/History & B.Ed.)
3) TGT MATHEMATICS(Graduation/ Post Graduation in Mathematics & B.Ed.)
4) FEMALE PTI (Graduation/Post Graduation in Physical Education)
Interested candidates may kindly mail their resume at tps@tpsambala.com or submit it at the school reception during school hours.
18.19.20

AMRAPALI RESORT
▸ BEST BANQUET HALL
▸ MARRIAGES ▸ CEREMONIES
▸ BIRTHDAYS ▸ RETIREMENTS
▸ CONFERENCES
▸ LUXURY ROOMS ▸ DELICIOUS DINING
▸ EVENT & CELEBRATION ▸ GREEN LAWNS
▸ AMPLE PARKING
AMRAPALI RESORT NH-1, GT ROAD
AMBALA CITY 92541-30001
14/11-14/12

me MADAAN ELECTRONICS
विश्वास की परम्परा
DIWALI SALE
0 DOWN PAYMENT
0 INTEREST
0 FILE CHARGES
24 MONTHS EMI
UP TO ₹26,000 CREDIT CARD CASHBACK
ऑनलाइन / मार्केट से कम रेट की गारंटी
AUTH CSD DEALER
JAGADHARI ROAD | RAI MARKET | PREM NAGAR | MANAV CHOWNK
Madaan Electronics
AMBALA | JAGADHARI | KURUKSHETRA
Contact 9215603303